Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSICL/80090/02-2021/ 7856

दिनांकः– 18/12/2023

संशोधित कार्यालय आदेश

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मैरवा, सिवान के निर्माण हेतु संवेदक, KSIPL-MCC (JV), Ahmedabad, Gujrat को इस निगम के पत्रांक BMSIC/80090/02-2021/607 दिनांकः–04.06.2021 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया। कार्यादेश के अनुसार कार्य पूर्ण करने की कुल अवधि 36 माह अर्थात् दिनांक 03.06.2024 तक है, परंतु लगभग 29 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी संवेदक द्वारा मात्र 18 प्रतिशत कार्य हीं कराया गया है।

दिनांक 30.11.2023 को प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संवेदक/प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्य की धीमी गति को देखते हुए पूर्व में आयोजित समीक्षात्मक बैठक के क्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद भी कार्य की अपेक्षित प्रगति के अभाव के परिणामस्वरूप तत्काल प्रभाव से संबंधित एजेंसी को नियमानुसार डिबार करने का निर्णय लिया गया एवं अप्रैल 2024 तक 50% कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में उप महाप्रबंधक (परि0), सिवान के द्वारा पत्रांक 313 दिनांक 05.12.2023 के माध्यम से इस कार्य के संवेदक KSIPL-MCC (JV), Ahmedabad, Gujrat को Debar करने की अनुशंसा किया गया है।

O/C

पूर्व में भी संवेदक के द्वारा कार्य में बरती जा रही शिथिलता एवं उदासीनता को देखते हुए उप महाप्रबंधक (परि0), सिवान के पत्रांक--215 दिनांक– 24.07.2023 एवं पत्रांक–310 दिनांक--28.11.2023 के माध्यम से परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु संवेदक को समय--समय पर निदेशित किया गया, परन्तु निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति का अभाव रहा। स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य को पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है, जो घोर लापरवाही एवं शिथिलता का द्योतक है।

उक्त के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित सुसंगत कंडिकाओं के तहत् अगले आदेश तक संवेदक, KSIPL-MCC (JV), Ahmedabad, Gujrat को **Debar** किया जाता है। साथ ही संवेदक एक सप्ताह के अंदर अप्रैल 2024 तक 50% कार्य पूर्ण करने संबंधी शपथ–पत्र संबंधित उपमहाप्रबंधक (परि0) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस कार्यालय के कार्यालय आदेश–सह–पठित ज्ञापांक BMSICL/80090/02-2021/ 7716 दिनांकः–12.12.2023 को इस हद तक संशोधित समझा जाये।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

13/12/23

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSICL/80090/02-2021/7856 दिनांकः–18/12/2023

प्रतिलिपिः– **KSIPL-MCC (JV), Ahmedabad, Gujrat** को सूचनार्थ एवं दिए गए निदेश का अनुपालनार्थ प्रेषित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80090/02-2021 दिनांकः–

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, लघु संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना तथा अन्य सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80090/02-2021/7856 दिनांकः– 18/12/2023

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक BMSICL एवं सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80090/02-2021/7856 दिनांकः– 18/12/2023

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, सिवान को सादर सूचनार्थ समर्पित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSICL/80090/02-2021/7856 दिनांकः—18/12/2023

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

13/12/23

ज्ञापांकः— BMSICL/80090/02-2021/7856 दिनांकः—18/12/2023

प्रतिलिपिः— श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि प्राप्त पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर Upload किया जाए।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

13/12/23